Drishti IAS

डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

जनवरी भाग-1
2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440,
Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पनामा नहर अटलांटिक एवं प्रशांत महासागरों को जोड़ती है।
2. इथियोपिया, मिस्र, सऊदी अरब, सूडान, इरिट्रिया और यमन ऐसे देश हैं जिनकी सीमा लाल सागर से लगती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

2. लक्षित क्षेत्रों में उच्च स्तरीय विद्यालयों में छात्रों के लिये आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठता) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हाशिये पर रहने वाले आय समूहों के समुदायों के लिये शैक्षिक सेवा अंतराल को कम करने हेतु शिक्षा मंत्रालय की एक पहल थी।
2. यह योजना केवल अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन -सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

3. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम मनी लॉन्ड्रिंग के खतरे से निपटने के लिये वियना कन्वेंशन के प्रति भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता के अनुरूप तैयार किया गया था।
2. इसमें मनी लॉन्ड्रिंग में अवैध रूप से प्राप्त धन को वित्तीय प्रणाली में एकीकृत करके विधि सम्मत या "वैध" दिखाना शामिल है।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया है कि प्रवर्तन निदेशालय PMLA के तहत किसी को केवल उनके सवालों और समन का प्रत्युत्तर न देने पर गिरफ्तार नहीं कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में कितने सही नहीं हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

4. 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. AB PM-JAY एक पात्रता आधारित योजना है जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है।
2. इस कार्यक्रम के लिये वित्तपोषण सभी राज्यों तथा विधानसभाओं वाले केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 60:40 के अनुपात में वितरित किया जाता है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों व जम्मू-कश्मीर के लिये इसमें 90:10 के अनुपात का पालन किया जाता है।
3. PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) का गठन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

5. 'पूंजीगत निवेश योजना के लिये राज्यों को विशेष सहायता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना वित्त वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी के दौरान प्रारंभ की गई थी।
2. इस योजना में दस भाग हैं, भाग I में सबसे छोटा आवंटन 10,000 करोड़ रुपए है।
3. इस योजना का उद्देश्य जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे प्रमुख क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति को बढ़ाना भी है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

6. भारत-इटली संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दोनों देशों के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते का उद्देश्य अनियमित प्रवासन मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना तथा पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देना है।
2. इटली यूरोपीय संघ में भारत के शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. पीएम किसान सम्मान निधि योजना (PM-Kisan) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार से 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इस योजना के तहत केवल पाँच हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसान ही लाभ के पात्र हैं।
3. योजना में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक वर्ष 25 प्रतिशत लाभार्थियों का वास्तविक सत्यापन किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

8. X-किरण ध्रुवणमापी उपग्रह (XpoSat) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे मध्यम X-रे बैंड में X-रे ध्रुवीकरण का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो खगोलीय स्रोतों के विकिरण तंत्र तथा ज्यामिति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।
2. यह मध्यम X-रे बैंड में X-रे ध्रुवीकरण के लिये समर्पित विश्व का पहला मिशन है।
3. यह इसरो और नासा के बीच एक सहयोग है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

9. पेगासस स्पायवेयर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अत्यधिक सुदृढ़ मोबाइल आवेक्षण टूल है जो विभिन्न ऐप्स और स्रोतों से डेटा तथा जानकारी एकत्र कर सेलफोन तक गुप्त रूप से पहुँच सकता है एवं निगरानी कर सकता है।
2. इसे इज़रायली साइबर-इंटेलिजेंस फर्म NSO ग्रुप द्वारा विकसित किया गया था, जो इसे मात्र अपराध तथा आतंकवाद की रोकथाम के लिये सरकारी एजेंसियों को बेचने का दावा करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हंटिंगटन रोग केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाला एक न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है।
2. यह HTT जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता है, जो दोषपूर्ण हंटिंगटिन (Huntingtin- HTT) प्रोटीन का उत्पादन करता है।
3. इसके लक्षण आम तौर पर 30-50 वर्ष की आयु के बीच जनित होते हैं और टीकाकरण से ठीक हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

11. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2005 में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना, विश्व के सबसे बड़े रोज़गार गारंटी कार्यक्रमों में से एक है।
2. यह अधिनियम ग्राम सभाओं को उन कार्यों की अनुशंसा करने का आदेश देता है जो किये जाने हैं और कम से कम 50% कार्यों को उनके द्वारा निष्पादित किया जाना चाहिये।
3. इसके लाभार्थियों में कम से कम एक तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

12. यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (Travel & Tourism Development Index-TTDI) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है ?

A. विश्व बैंक
B. विश्व आर्थिक मंच
C. विश्व पर्यटन संगठन
D. विश्व व्यापार संगठन

13. समग्र भारत में लीची की कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लीची का उत्पादन भूमध्यरेखीय जलवायु में होता है।
2. भारत के लीची उत्पादन का लगभग 40% केवल बिहार में होता है।
3. भारत विश्व स्तर पर लीची का सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

14. भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की मांग उनकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है।
2. मांगजनित मुद्रास्फीति वस्तुओं और सेवाओं की उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है।
3. भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के माध्यम से हेडलाइन मुद्रास्फीति का आँकड़ा बताया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

15. निम्नलिखित साइटों पर विचार कीजिये:

1. हेमिस राष्ट्रीय उद्यान, लद्दाख
2. गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान, उत्तराखंड
3. कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, सिक्किम

उपर्युक्त में से कितने हिम तेंदुए के प्रमुख आवास स्थल हैं/हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

16. 'भारत में भेड़ियों की बहुतायत' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में भेड़ियों की दो उप-प्रजातियाँ पाई जाती हैं– प्रायद्वीपीय क्षेत्र में ग्रे वुल्फ और उत्तर में हिमालयी या तिब्बती वुल्फ।
2. IUCN द्वारा ग्रे वुल्फ को सुभेद्य के रूप में नामित किया गया है, जबकि हिमालयी वुल्फ को कम चिंताजनक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

17. 'स्टेट ऑफ द ज्यूडिशियरी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्लानिंग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'स्टेट ऑफ द ज्यूडिशियरी' ने पीठों में लिंग-विशिष्ट मामलों के आवंटन में असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया।
2. यह रिपोर्ट महिलाओं से संबंधित मामलों के लिये अलग बेंच के अपर्याप्त प्रावधान और लिंग-विशिष्ट सुविधाओं के अभाव में पारदर्शिता की कमी पर प्रकाश डालती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने हाल ही में वर्गीकरण तथा सक्रियण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से निष्क्रिय खातों तथा अदावी जमा के संबंध में दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है।

कथन-II: संशोधित निर्देश सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होते हैं किंतु सहकारी बैंकों पर नहीं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II ग़लत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

19. सिकल सेल रोग (Sickle Cell Disease-SCD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वंशानुगत श्वेत रक्त कोशिका (WBC) विकारों का एक समूह है।
2. SCD में, हीमोग्लोबिन असामान्य होता है, जिसके कारण WBC कठोर और चिपचिपा हो जाती हैं और C-आकार के कृषि उपकरण जैसा दिखती हैं, जिसे हँसिया कहा जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:

1. चीन के बाद भारत दुनिया में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. भारत में, पश्चिम बंगाल सभी इस्पात उत्पादक राज्यों में अग्रणी है, इसके बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. बायोडायवर्सिटी क्रेडिट एलायंस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बायोडायवर्सिटी क्रेडिट एलायंस को भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 के G20 शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।
2. बायोडायवर्सिटी क्रेडिट एलायंस शासकीय संस्थाओं, गैर-लाभकारी संस्थाओं और निजी व्यवसायों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच समर्थन हासिल करने और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. बुक्सा टाइगर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बुक्सा टाइगर रिज़र्व की उत्तरी सीमा भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगती है।
2. इसकी पूर्वी सीमा मणिपुर राज्य से लगती है।
3. सिंचुला पहाड़ी श्रृंखला बुक्सा राष्ट्रीय उद्यान के उत्तरी किनारे पर स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

23. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	अंतरिक्ष मिशन		एजेंसी
1.	OSIRIS-REx मिशन	:	NASA
2.	Proba-3	:	ISRO
3.	मंगल ग्रह का चंद्रमा अन्वेषण (MMX) मिशन	:	ESA

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

24. लिक्विड नैनो यूरिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नैनो कण के रूप में यूरिया का एक प्रकार है।
2. इसका उपयोग केवल फसलों पर पत्तियाँ आने के बाद ही किया जाना चाहिये।
3. इसे भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (NAFED) में स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: ISRO का लक्ष्य आदित्य-एल1 को लैग्रेंजियन बिंदु (L1) के आसपास की कक्षा में स्थापित करना है।

कथन-II: L1 बिंदु के चारों ओर हेलो कक्षा में एक उपग्रह स्थापित करने से सूर्य का निरंतर अवलोकन बिना किसी आच्छादन अथवा ग्रहण के किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

26. 'मनोविश्लेषण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में सिगमंड फ्रायड ने की थी।
2. मनोविश्लेषण अचेतन मन की पड़ताल करता है और पता लगाता है कि यह कैसे विचारों, व्यवहारों, भावनाओं एवं व्यक्तित्व को आकार देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. भारत में "मैनुअल स्कैवेंजिंग" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. **मैनुअल स्कैवेंजर्स के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम**, 2013 स्पष्ट रूप से मैनुअल स्कैवेंजिंग को गैरकानूनी घोषित करने में जेल प्रशासन को शामिल करता है।
2. राज्य जेल मैनुअल में कहा गया है कि सफाई और झाड़ू लगाने जैसे कार्यों को विशिष्ट जातियों के सदस्यों द्वारा किया जाना चाहिये जोकि जाति-आधारित भेदभाव को कायम रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: वेटलैंड सिटी प्रत्यायन (WCA) वर्ष 2016 में आयोजित कॉन्ट्रैक्टिंग पार्टियों (COP-9) के सम्मेलन के दौरान रामसर कन्वेंशन द्वारा स्थापित एक स्वैच्छिक मान्यता प्रणाली है।

कथन-II: इस योजना का उद्देश्य शहरी एवं पेरी/ परिधीय-शहरी क्षेत्र के आर्द्रभूमि संरक्षण और इसके उपयोग को बढ़ावा देना है, साथ ही स्थानीय आबादी के लिये स्थायी सामाजिक-आर्थिक लाभ अर्जित करना भी है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

29. रिवर्स फ्लिपिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी भारतीय कंपनी के मुख्यालय को विदेश में स्थानांतरित करने के बाद उसके अधिवास को वापस भारत में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया है।
2. रिवर्स फ्लिपिंग भारतीय स्टार्टअप्स के बीच एक चलन बन गया है, खासकर फिनटेक सेक्टर में, क्योंकि वे आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) की योजना बना रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:

1. शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों के लिये भारत के नए एकीकृत वेब पोर्टल ERNET का अनावरण किया है।
2. पोर्टल में एक सेवा के रूप में वेबसाइट (WaaS) और एक सेवा के रूप में लर्निंग मैनेजमेंट (LMaaS) शामिल हैं, जो उपयोगकर्त्ताओं को अनुकूलित वेबसाइट बनाने की अनुमति देता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31. चीता पुनरुत्पादन परियोजना (Cheetah Reintroduction Project) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में चीता पुनरुत्पादन परियोजना 2022 में शुरू हुई, जिसका लक्ष्य 1952 में विलुप्त घोषित चीता आबादी को पुनर्जीवित करना है।
2. इस परियोजना में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का स्थानांतरण शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य बुराइयों के व्यावसायीकरण और महिलाओं की तस्करी को रोकना है।
2. यह अधिनियम यौन कार्य को अवैध घोषित करता है और वेश्यालय चलाने पर रोक लगाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कर अधिकारियों को उस स्थिति में बिना वारंट के तलाशी और ज़ब्ती करने की अनुमति देती है यदि "संदेह करने का कोई कारण" है कि किसी व्यक्ति ने आय छिपाई है या उससे बचा है।
2. इस प्रावधान की सांविधानिकता को पूरन मल बनाम निरीक्षण निदेशक (1973) मामले में चुनौती दी गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. गुरुत्वाकर्षण तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुरुत्वाकर्षण तरंगें स्पेस टाइम की संरचना में तरंगें हैं।
2. अल्बर्ट आइंस्टीन ने सामान्य सापेक्षता के अपने सिद्धांत के अंदर गुरुत्वीय तरंगों की उपस्थिति की भविष्यवाणी की थी।
3. भारत तमिलनाडु के थेनी ज़िले में लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्ज़र्वेटरी (LIGO) के तीसरे नोड का निर्माण करने जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

35. भारतीय खिलौना उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय खिलौना उद्योग में हाल के वर्षों में निर्यात में काफी गिरावट देखी गई।
2. खिलौनों पर मूल सीमा शुल्क (BCD) में पर्याप्त वृद्धि का उद्देश्य घरेलू खिलौना उद्योग की रक्षा करना है।
3. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने निम्न स्तरीय खिलौनों के आयात को रोकने के लिये प्रत्येक आयात खेप के लिये नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

36. "पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)" योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नीति आयोग के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य पृथ्वी प्रणाली विज्ञान की समझ में सुधार लाने और देश के लिये विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने हेतु पृथ्वी प्रणाली के सभी पाँच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करना है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत गठित NSIL का स्वामित्व अधिकतर निजी कंपनियों के पास है, जिनकी सरकारी हिस्सेदारी कम है।
2. यह भारतीय उद्योगों को उन्नत अंतरिक्ष गतिविधियों में शामिल होने में सहायता प्रदान करता है और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के उत्पादों और सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देता है।
3. यह वर्ष 2024 में स्पेस-एक्स के फाल्कन-9 के माध्यम से GSAT-20 (GSAT-N2) लॉन्च करने के लिये तैयार है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

38. बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिये नीतिगत हस्तक्षेप के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, पश्चिम बंगाल में बाल विवाह की संख्या में काफी गिरावट आई है।
2. कन्याश्री प्रकल्प योजना 13 से 18 वर्ष की आयु की किशोर लड़कियों को स्कूली शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करती है।
3. रूपश्री प्रकल्प योजना लड़कियों के विवाह के लिये नकद राशि का प्रोत्साहन प्रदान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

39. मध्यवर्ती दिशा-निर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता (2021) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ओवर द टॉप (OTT) प्लेटफार्मों को विनियमित करने के लिये इन दिशा-निर्देशों को अधिसूचित किया था।
2. ये नियम OTT प्लेटफार्मों के लिये त्रिस्तरीय शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करते हैं।
3. वे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की भागीदारी के बिना सामग्री के स्व-वर्गीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

40. सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (SCLSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 3A के तहत किया गया था।
2. इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) द्वारा नामित एक अध्यक्ष और पाँच सदस्य होते हैं।
3. CJI समिति में सचिव की नियुक्ति कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

41. भारत-म्याँमार संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. म्याँमार एकमात्र दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है जो पूर्वोत्तर भारत के साथ भूमि सीमा साझा करता है।
2. भारत के SAGAR विज़न के हिस्से के रूप में भारत ने म्याँमार के राखीन राज्य में मोंगला बंदरगाह विकसित किया।
3. मुक्त संचरण व्यवस्था (Free Movement Regime) भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर के निवासियों को बिना वीज़ा एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी. तक यात्रा करने में सक्षम बनाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

42. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	GI टैग		राज्य
1.	आदि केकिर	:	अरुणाचल प्रदेश
2.	तंगेल साड़ी	:	पश्चिम बंगाल
3.	कच्ची खरेक	:	गुजरात

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance) विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी "सुपरबग" कहा जाता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization) ने AMR को वैश्विक स्वास्थ्य के लिये शीर्ष दस खतरों में से एक के रूप में पहचाना है।
3. भारत में साक्ष्य एकत्र करने और दवा प्रतिरोधी संक्रमण प्रवृत्तियों की निगरानी के लिये रोगाणुरोधी प्रतिरोध निगरानी एवं अनुसंधान नेटवर्क (Antimicrobial Resistance Surveillance and Research Network) लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

44. विनिमय दर प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक स्थिर व्यवस्था में मुद्रा का मूल्य पूरी तरह से विदेशी मुद्रा बाज़ार में आपूर्ति और मांग से निर्धारित होता है।
2. अस्थायी विनिमय दर में केंद्रीय बैंक मुद्रा के लिएये लक्ष्य सीमा बनाए रखने हेतु विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप कर सकता है।
3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा एक विनिमय दर व्यवस्था को स्थिर माना जाता है जब विनिमय दर लगातार 6 महीने की अवधि के लिये 2% बैंड के भीतर रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

45. निम्नलिखित में से कौन-सा "रॉकेट लॉन्चर" है?

A. तेजस
B. आकाश
C. पृथ्वी
D. पिनाक

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: भारत को प्रीमियम केसर के शीर्ष वैश्विक उत्पादक के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो विश्व के केसर उत्पादन में 95% का योगदान देता है।

कथन-II: भारत में पंपोर क्षेत्र, जिसे आमतौर पर कश्मीर के 'केसर का कटोरा' कहा जाता है, केसर उत्पादन में मुख्य योगदानकर्त्ता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन I गलत है किंतु कथन-II सही है।

47. पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल (Polymer Electrolyte Membrane Fuel Cell-PEMFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PEMFC ईंधन को सीधे बिजली में परिवर्तित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बैटरी की तुलना में काफी अधिक दक्षता प्राप्त होती है।
2. PEMFC द्वारा उत्पादित जल का उपयोग जहाज़ पर खपत अथवा अतिरिक्त ऑक्सीजन उत्पन्न करने के लिये इलेक्ट्रोलिसिस हेतु किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

48. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	भारतीय संविधान के अनुच्छेद		प्रावधान
1.	अनुच्छेद 25	:	धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता
2.	अनुच्छेद 26	:	अंत:करण की स्वतंत्रता
3.	अनुच्छेद 28	:	धार्मिक शिक्षा में भाग लेने की स्वतंत्रता

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

49. नैनोप्लास्टिक कणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नैनोप्लास्टिक्स माइक्रोप्लास्टिक्स से छोटे होते हैं, जिनका आकार 1 माइक्रोमीटर से कम होता है।
2. वे आँतों और फेफड़ों से सीधे रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. 'यक्षगान मेले' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यक्षगान कर्नाटक का एक अनोखा नृत्य-नाट्य प्रदर्शन है।
2. इसमें सभी भूमिकाएँ पुरुषों को निभाते हुए दिखाया गया है और महिलाओं के लिये कोई विशेष भूमिका नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है जिसे भारत में 106वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम से लागू किया गया था।
2. संशोधित संविधान के अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार, GST परिषद का गठन राष्ट्रपति द्वारा किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. 'थर्मोकार्स्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक प्रकार का भू-भाग है जिसकी विशेषता दलदली खोखली और छोटी-छोटी चट्टानों (कटक) की अनियमित सतह हैं।
2. बटागाइका क्रेटर, थर्मोकार्स्ट का एक उदाहरण विश्व का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर है।
3. सक्रिय रॉक ग्लेशियर थर्मोकार्स्ट विशेषताओं के निर्माण का कारण बन सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

53. 2024 के लिये विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएँ रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रिपोर्ट में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि में तेज़ी का अनुमान लगाया गया है।
2. रिपोर्ट में 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।
3. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) का अनुमान है कि बढ़ते तापमान के कारण वर्ष 2100 तक वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 10% से अधिक की कमी आएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

54. झेलम नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्गम तिब्बत में स्थित मानसरोवर झील के समीप से होता है।
2. यह सिंधु नदी की एक सहायक नदी है।
3. इसकी प्राथमिक सहायक नदी किशनगंगा नदी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

55. दार्जिलिंग ज़ूलोजिकल पार्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में हिम तेंदुओं के लिये एकमात्र संरक्षित प्रजनन कार्यक्रम है।
2. यह भारत का सबसे बड़ा ऊँचाई वाला ज़ूलोजिकल पार्क है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है ?

A. विश्व आर्थिक मंच
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. विश्व बैंक
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी)

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूकेलिप्टस स्नाउट बीटल एक पत्ती खाने वाला कीट है,जो कनाडा का मूल प्रजाति है।
2. बीटल विशाल क्षेत्रों में नुकसान पहुँचा सकती है, क्योंकि इसकी उड़ान क्षमता बहुत अच्छी है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. गणतंत्र दिवस परेड की झाँकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गणतंत्र दिवस परेड के लिये झाँकियों का चयन गृह मंत्रालय की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाता है।
2. गैर-चयनित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान लाल किले पर छह दिवसीय कार्यक्रम भारत पर्व में अपनी झाँकी प्रदर्शित कर सकते हैं।
3. सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिये तीन साल के चक्र (2024-2026) के भीतर गणतंत्र दिवस परेड में अपनी झाँकियां पेश करने के लिये एक चक्रीय कार्यक्रम स्थापित की है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दो प्रमुख कार्यक्रमों प्रोजेक्ट टाइगर (PT) और प्रोजेक्ट एलीफेंट को प्रोजेक्ट टाइगर एंड एलीफेंट (PTE) के रूप में विलय करने की घोषणा की।
2. 2006 का वन्यजीव संरक्षण (संशोधन) अधिनियम विकास परियोजनाओं के लिये "बाघ के जंगल" के डायवर्जन पर रोक नहीं लगाता है।
3. प्रोजेक्ट टाइगर, भारत में वन्यजीव संरक्षण के लिये एक पहल, वर्ष 1973 में शुरू की गई थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

60. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) को PM-AJAY के तहत विलय नहीं किया गया है।

नोट :

2. PM-AJAY का उद्देश्य गरीबी को कम करना और SC समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सुधार करना है।
3. प्रधानमंत्री आदर्शग्राम योजना (PMAGY) एक केंद्र प्रायोजित योजना है और PM-AJAY का एक घटक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

61. विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. विश्व आर्थिक मंच
D. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)

62. भारत-मालदीव संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 8 डिग्री चैनल भारतीय मिनिकॉय (लक्षद्वीप द्वीप समूह का हिस्सा) को मालदीव से अलग करता है।
2. "एकुवेरिन", "दोस्ती", "एकथा" एवं "ऑपरेशन शील्ड" दोनों देशों के बीच कुछ संयुक्त अभ्यास हैं।
3. भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल ((MNDF) के लिये सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जो उनकी रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का लगभग 70% पूरा करता है।

उपर्युक्त कथनों में कितने सही *नहीं* हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

63. मसूर की दाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मसूर, छोटे कद एवं स्व-परागण के फूलों वाला झाड़ीदार बारहमासी पौधा है। जिसमें चपटे आकार के बीज वाली फलियाँ होती हैं।
2. मसूर, एक वर्षा आधारित फसल है, जो वानस्पतिक विकास के दौरान ठंडे तापमान के साथ परिपक्वता के समय गर्म तापमान में पनपती है, आमतौर पर इसकी खेती रबी फसल में की जाती है।
3. उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र को दाल का कटोरा माना जाता है जो देश के कुल दाल उत्पादन में लगभग 25% का योगदान देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

64. अंग प्रत्यारोपण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रत्यारोपण या तो मृत व्यक्तियों के अंगों से हो सकता है जो उनके रिश्तेदारों द्वारा दान किया गया हो या किसी जीवित व्यक्ति से हो सकता है जो प्राप्तकर्त्ता को पता हो।
2. मानव अंगों और ऊतकों के प्रत्यारोपण (THOT) अधिनियम, 1994 के तहत अंग दान के सभी चरणों के लिये विशिष्ट समय-सीमा स्थापित की गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) द्वारा विकसित एक ताप-सहिष्णु वैक्सीन SARS-CoV-2 के सभी वर्तमान और भविष्य के प्रकारों के खिलाफ प्रभावी है।
2. रिसेप्टर-बाइंडिंग डोमेन अपने 'स्पाइक' डोमेन पर स्थित वायरस का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है जो इसे कोशिकाओं में प्रवेश करने तथा संक्रमण फैलाने के लिये शारीरिक रिसेप्टर्स से जुड़ने में सक्षम बनाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पनामा नहर पनामा में 82 किलोमीटर का एक कृत्रिम जलमार्ग है जो **अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता** है। यह नहर पनामा के स्थलडमरूमध्य से होकर गुजरती है और समुद्री व्यापार के लिये एक प्रमुख माध्यम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लाल सागर हिंद महासागर का एक समुद्री जल प्रवेश द्वार है, जो अफ्रीका और एशिया के बीच स्थित है। लाल सागर की सीमा से लगे देश हैं मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और **जिबूती (इथियोपिया नहीं)। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **लक्षित क्षेत्रों में उच्च स्तरीय विद्यालयों में छात्रों के लिये आवासीय शिक्षा योजना** (Scheme for residential education for students in High school in Targeted Areas- **SHRESHTA**) **सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय** की एक पहल थी, जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता प्रदान करके अनुसूचित जाति (SC) के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में शैक्षिक सेवा अंतराल को कम करना था। इसके तहत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक उत्थान एवं समग्र विकास के साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अवसर प्रदान किये गए। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुसूचित जाति समुदाय** के छात्र जो वर्तमान में **8वीं तथा 10वीं कक्षा में** पढ़ रहे हैं, वे इस योजना से लाभान्वित होने के पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, 2.5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले SC समुदाय के तहत हाशिये पर रहने वाले आय वर्ग के छात्र भी इस योजना के पात्र हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA), 2002** धन-शोधन और संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु वर्ष **2002 में अधिनियमित** एक **भारतीय कानून** है।
  - धन-शोधन में **विधि-विरुद्ध रूप से प्राप्त धन को वित्तीय प्रणाली में एकीकृत करके विधि सम्मत अथवा "वैध" दिखाना** शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे वर्ष 2002 में धन-शोधन के खतरे से निपटने के लिये भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता **(वियना अभिसमय)** की प्रतिक्रिया में अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- **प्रवर्तन निदेशालय (ED)** मनी लॉन्ड्रिंग की जाँच और मुकदमा चलाने के लिये जिम्मेदार प्राथमिक प्राधिकरण है।
  - यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।
  - हाल ही में, सर्वोच्च न्यायलय ने निर्णय सुनाया है कि **ED** PMLA के तहत **किसी को** केवल उनके **सवालों और समन का प्रत्युत्तर नहीं देने के लिये** गिरफ्तार नहीं कर सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** (AB PM-JAY) एक पात्रता आधारित योजना है जो नवीनतम **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC)** डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को शेष (अप्रमाणित) SECC परिवारों की पहचान करने के लिये समान सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल वाले **गैर-सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC)** लाभार्थी परिवार डेटाबेस का उपयोग करने हेतु लचीलापन प्रदान किया है।
- इस योजना का वित्तपोषण संयुक्त रूप से किया जाता है, **सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों** के मामले में केंद्र एवं विधायिका **के बीच 60:40,** पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के लिये 90:10 और विधायिका रहित केंद्रशासित प्रदेशों हेतु 100% केंद्रीय वित्तपोषण। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority- NHA)** को राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से PMJAY के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

5.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह योजना वित्त वर्ष 2020-21 में **कोविड-19 महामारी** के मद्देनज़र शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वर्तमान में इस योजना का विस्तार किया गया है तथा इसे **₹1.3 लाख करोड़ के आवंटन के साथ 'पूंजी निवेश** के लिये राज्यों को विशेष सहायता योजना, **2023-24'** के रूप में जारी रखा गया है।
- इस योजना के आठ भाग हैं, **भाग-I 1 लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सबसे बड़ा है।** यह राशि **15वें वित्त आयोग** के निर्णय के अनुसार राज्यों के बीच केंद्रीय करों और कर्त्तव्यों में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में आवंटित की गई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना का उद्देश्य राज्य के हिस्से को पूरा करने के लिये धन प्रदान करके **जल जीवन मिशन** और **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति को बढ़ाना भी है। **अत: कथन 3 सही है।**

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत-इटली संबंध:

- **प्रवासन और गतिशीलता समझौता:** यह समझौता भारत और इटली के बीच लोगों के संबंधों को प्रगाढ़ करते हुए **अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों पर सहयोग** को मज़बूत करने के लिये तैयार है।
- **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यावसायियों** और **युवा पेशेवरों** सहित विभिन्न वर्गों के लिये आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है, उनके बीच विनिमय तथा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- इटली **यूरोपीय संघ** में भारत के **शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों** में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **वर्ष 2022-23 में** दोनों देशों के बीच **14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का द्विपक्षीय व्यापार किया गया।
  - इटली को भारतीय निर्यात की मुख्य वस्तुएँ **तैयार वस्त्र, चमड़ा, लौह अयस्क, मोटर वाहन, कपड़ा, रसायन, रत्न एवं आभूषण** हैं।

7.

उत्तर: A

व्याख्या:

पीएम किसान सम्मान निधि योजना (PM-Kisan):

- यह भारत सरकार से 100% वित्तपोषण प्राप्त एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका कार्यान्वन **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** द्वारा किया जाता है।
- **योजना का दायरा:** यह योजना प्रारंभ में **2 हेक्टेयर** भूमि वाले **छोटे तथा सीमांत किसानों (Small and Marginal Farmers- SMF)** के लिये थी किंतु सभी भूमि धारक किसानों को लाभ प्रदान करने हेतु योजना का दायरा बढ़ा दिया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **वास्तविक रूप से सत्यापन की व्यवस्था:** योजना में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक वर्ष **5%** लाभार्थियों का अनिवार्य रूप से वास्तविक सत्यापन किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

एक्स-किरण ध्रुवणमापी उपग्रह (XpoSat):

- XPoSat को मध्यम X-रे बैंड में X-रे ध्रुवीकरण का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो खगोलीय स्रोतों के विकिरण तंत्र तथा ज्यामिति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इन **खगोलीय पिंडों से संबंधित भौतिकी को समझने के लिये** यह अध्ययन महत्त्वपूर्ण है।
- XPoSat मध्यम X-रे बैंड में **X-रे ध्रुवीकरण के लिये समर्पित विश्व का द्वितीय मिशन** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया **NASA का इमेजिंग एक्स-रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर (IXPE)**, किसी अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया गया पहला ऐसा मिशन था।
- पूरी तरह से **बंगलुरु स्थित दो संस्थानों- ISRO के यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर** और **रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट** द्वारा **निर्मित** - XPoSat का विकास वर्ष 2008 में शुरू हुआ, वर्ष 2015 में ISRO के साथ एक औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

पेगासस स्पायवेयर:

- **पेगासस स्पायवेयर** के कारण पुन: एक बार निजता और सुरक्षा संबंधी मुद्दे चर्चा में आए हैं। **एमनेस्टी इंटरनेशनल** की हालिया रिपोर्ट **दो प्रमुख भारतीय पत्रकारों के फोन** को लक्षित करने में इसके उपयोग की ओर संकेत करती हैं, जिससे संभावित सरकारी भागीदारी के बारे में पूछताछ शुरू हो गई है।
- पेगासस स्पायवेयर एक अत्यधिक सुदृढ़ मोबाइल आवेक्षण टूल है जो विभिन्न ऐप्स और स्रोतों से डेटा तथा जानकारी एकत्र कर सेलफोन तक गुप्त रूप से पहुँच सकता है एवं निगरानी कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे **इज़रायली साइबर-इंटेलिजेंस फर्म NSO** ग्रुप द्वारा विकसित किया गया था, जो इसे मात्र अपराध तथा आतंकवाद की रोकथाम के लिये सरकारी एजेंसियों को बेचने का दावा करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - NSO उन पत्रकारों, वकीलों तथा मानवाधिकार रक्षकों को निशाना बनाने से बचने के लिये सुरक्षा उपायों पर ज़ोर देता है जो आतंक अथवा गंभीर अपराधों में शामिल नहीं हैं।

साइबर खतरों के प्रमुख प्रकार:

Cyber Threat	Description
Malware	Malicious software designed to harm or exploit systems by infecting, disrupting, or gaining unauthorized access.
Phishing	Deceptive attempts to acquire sensitive information, often through fake emails, websites, or messages impersonating trusted entities.
Ransomware	Encrypts data and demands payment (usually in cryptocurrency) for its release, posing significant threats to data integrity.
DDoS Attacks	Overwhelms a system with a flood of traffic, causing service disruption by exhausting resources or bandwidth.
Man-in-the-Middle (MitM)	Intercepts and potentially alters communication between two parties, leading to unauthorized access or information theft.
SQL Injection	Exploits vulnerabilities in SQL databases by injecting malicious code, allowing unauthorized access or data manipulation.
Zero-Day Exploits	Attacks targeting undiscovered vulnerabilities in software before developers can create a patch, posing a serious and often potent threat.
Social Engineering	Manipulating individuals into divulging sensitive information through psychological manipulation or deception.
Insider Threats	Risks originating from individuals within an organization, either intentionally or unintentionally causing harm or data breaches.
Advanced Persistent Threats (APTs)	Prolonged and targeted cyber attacks often linked to espionage, aiming to infiltrate and remain undetected in a network.
Cross-Site Scripting (XSS)	Injects malicious scripts into web pages viewed by others, potentially compromising the security and privacy of users.

नोट :

Credential Stuffing	Uses stolen usernames and passwords from one breach to gain unauthorized access to other accounts due to individuals reusing passwords.
Internet of Things (IoT) Threats	Exploits vulnerabilities in connected devices, potentially allowing unauthorized access or disruption of loT networks.
Cryptojacking	Unauthorized use of a computer's resources for cryptocurrency mining, slowing down systems and consuming energy without the user's consent.
Wi-Fi Eavesdropping	Unauthorized interception of wireless communication, where attackers may capture sensitive data transmitted over Wi-Fi networks.

10.

उत्तर: A

व्याख्या:

हंटिंगटन रोग:

- हंटिंगटन रोग केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाला एक न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह HTT जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता है, जो दोषपूर्ण **हंटिंगटिन (Huntingtin- HTT) प्रोटीन** का उत्पादन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - उत्परिवर्ती **हंटिंगटिन (Huntingtin-HTT)** प्रोटीन विषाक्त टुकड़ों में विभाजित हो जाते हैं, जिससे विभिन्न सेलुलर प्रक्रियाएँ बाधित होती हैं।
- **लक्षण और उपचार:**
  - शुरुआती लक्षणों में भूलने की बीमारी, संतुलन खोना तथा दैनिक कार्यों को करने में अक्षमता शामिल हैं। ये लक्षण आमतौर पर **30-50 की आयु** के बीच जनित होते हैं।
  - हंटिंगटन रोग का **वर्तमान में कोई स्थाई उपचार नहीं** है तथा मौजूदा उपचार मात्र लक्षणों को कम करते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

मनरेगा (MGNREGA) योजना:

- **वर्ष 2005** में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना **विश्व के सबसे बड़े रोज़गार गारंटी कार्यक्रमों** में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों के लिये **प्रत्येक वित्तीय वर्ष में सौ दिनों का रोज़गार** सुनिश्चित करते हुये विधिक गारंटी प्रदान करती है।
- यह अधिनियम **ग्राम सभाओं** को उन कार्यों की अनुशंसा करने का आदेश देता है जो किये जाने हैं और कम से कम 50% कार्यों को उनके द्वारा निष्पादित किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके लाभार्थियों में कम से कम **एक तिहाई महिलाएँ** होनी चाहिये। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (Travel & Tourism Development Index-TTDI):

- **यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (TTDI) 2021 15 साल पुरानी यात्रा और पर्यटन प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक (TTCI) श्रृंखला का एक विकास है**, जो गतिशीलता के भविष्य को आकार देने के लिये विश्व आर्थिक मंच का एक प्रमुख सूचकांक है।
  - यह संशोधित सूचकांक नीति निर्माताओं, व्यवसायों और पूरक क्षेत्रों के लिये एक रणनीतिक बेंचमार्किंग टूल के रूप में कार्य करता है, जो यात्रा और पर्यटन **(Travel and Tourism-T&T)** क्षेत्र के भविष्य के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक देश/अर्थव्यवस्था की ताकत और विकास क्षेत्रों में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करके क्षेत्र की क्षमता और विकास को बढ़ाता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

नोट :

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

लीची की कृषि के संदर्भ में:

- लीची मुख्यत: **उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में उत्पादित होती है और नम स्थितियाँ** इसकी खेती के लिये अनुकूल होती हैं। इसकी फसल के लिये कम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में, लगभग 800 मीटर की आदर्श ऊँचाई आवश्यक होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत के लीची उत्पादन का लगभग 40%** केवल बिहार में होता है। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल (12%) तथा झारखंड (10%) का स्थान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चीन के बाद **भारत विश्व स्तर पर लीची का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** है। अन्य प्रमुख लीची उत्पादक देशों में थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण-अफ्रीका, मेडागास्कर तथा संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

14.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund- IMF)** द्वारा परिभाषित मुद्रास्फीति, एक निश्चित अवधि में कीमतों में वृद्धि की दर है, जिसमें **समग्र मूल्य वृद्धि या विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं की व्यापक माप** शामिल है।
  - **लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति,** वस्तुओं और सेवाओं की उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है। यह बढ़ी हुई आय, कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत या आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसे कारकों के कारण हो सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **मांगजनित मुद्रास्फीति (Demand Pull Inflation)** तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की मांग उनकी **आपूर्ति** से अधिक हो जाती है। जब अर्थव्यवस्था में समग्र मांग अधिक होती है, तो उपभोक्ता उपलब्ध वस्तुओं तथा सेवाओं के लिये अधिक भुगतान करने को तैयार होते हैं, जिससे **कीमतों में सामान्य वृद्धि** होती है।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **हेडलाइन मुद्रास्फीति**, अर्थव्यवस्था की **कुल मुद्रास्फीति** की माप है, जिसमें **खाद्य एवं ऊर्जा की कीमतें** इत्यादि शामिल हैं, जो अधिक ***अस्थिर(volatile)*** होती हैं और इनसे **मुद्रास्फीति के बढ़ने की संभावना** होती है।
    - **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI)**, जो यह निर्धारित करता है कि **वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी (basket of goods)** खरीदने की लागत की गणना करके पूरी अर्थव्यवस्था में कितनी मुद्रास्फीति हुई है, इसका उपयोग **हेडलाइन मुद्रास्फीति** के आँकड़े ज्ञात करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

हिम तेंदुआ:

- हाल ही में **किर्गिज़स्तान** ने आधिकारिक तौर पर **हिम तेंदुए (पैंथेरा अनसिया)** को अपना **राष्ट्रीय प्रतीक घोषित** किया है, जो संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- हिम तेंदुए **पारिस्थितिक संतुलन के लिये महत्त्वपूर्ण** हैं, जो वैश्विक क्षेत्र के 1/3 भाग में निवास करते हैं। उनकी आबादी में कमी से विभिन्न प्रजातियों के लिये खतरा बढ़ गया है।
  - उच्च तुंगता (Altitude) वाले इलाकों के लिये अनुकूलित उनकी अनूठी संरचना उथले क्षेत्रों में दक्षता सुनिश्चित करती है।
  - **हिम तेंदुओं के लिये महत्त्वपूर्ण आवास के रूप में प्रमुख स्थल:**
    - हेमिस राष्ट्रीय उद्यान, लद्दाख। **अत: विकल्प 1 सही है।**
    - ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान, हिमाचल प्रदेश। **अत: विकल्प 2 सही है।**
    - गंगोत्री नेशनल पार्क, उत्तराखंड.
    - कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, सिक्किम। **अत: विकल्प 3 सही है।**

नोट :

हिम तेंदुआ (Snow Leopard)

Drishti IAS

प्राय: इसे "Ghost of the Mountains" अर्थात "पहाड़ों का भूत" के रूप में संदर्भित किया जाता है।

आवास

मध्य और दक्षिणी एशिया के पर्वतीय क्षेत्र
हिम तेंदुआ रेंज वाले देशों की संख्या (12) - भारत, नेपाल, भूटान, चीन, मंगोलिया, रूस, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, उज़्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान

भारत में

पश्चिमी हिमालय : जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश
पूर्वी हिमालय : उत्तराखंड, सिक्किम तथा अरुणाचल प्रदेश

प्रमुख स्थान

हेमिस राष्ट्रीय उद्यान, लद्दाख
(इसे हिम तेंदुओं की 'वैश्विक राजधानी' के रूप में भी जाना जाता है)
ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, हिमाचल प्रदेश
गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान, उत्तराखंड
कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान, सिक्किम

खतरे

- मानव- हिम तेंदुआ संघर्ष
- शिकार एवं आवास की क्षति
- अवैध शिकार
- जलवायु परिवर्तन

संरक्षण स्थिति

IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable)
CITES - परिशिष्ट - I
भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: अनुसूची 1

संरक्षण हेतु प्रयास

- ग्लोबल स्नो लेपर्ड एंड इकोसिस्टम प्रोटेक्शन (GSLEP) कार्यक्रम
- हिमाल संरक्षक - सामुदायिक स्वयंसेवी कार्यक्रम
- प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड (PSL)
- हिम तेंदुआ संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम - पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क, पश्चिम बंगाल

16.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में भेड़ियों की दो उप-प्रजातियाँ पाई जाती हैं, प्रायद्वीपीय क्षेत्र में **ग्रे वुल्फ** (*Canis lupus pallipes*) और उत्तर में **हिमालयी** या **तिब्बती भेड़िया** (*Canis lupus chanco*)। **अत: कथन 1 सही है।**
- **ग्रे वुल्फ गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र** सहित कई राज्यों में पाए जाते हैं।
- हिमालयी भेड़िया मुख्य रूप से **लद्दाख क्षेत्र** एवं **पूर्वोत्तर हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति क्षेत्र** में पाया जाता है।
- IUCN द्वारा **ग्रे वुल्फ को कम चिंतनीय श्रेणी** में वर्गीकृत किया गया है, जबकि **हिमालयी भेड़ियों को सुभेद्य** के रूप में **वर्गीकृत** किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

17.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत के **सर्वोच्च न्यायालय** के **सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्लानिंग द्वारा 'स्टेट ऑफ द ज्यूडिशियरी'** शीर्षक से प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट ने देश भर के ज़िला न्यायालय परिसरों के भीतर **लिंग-विशिष्ट सुविधाओं** में असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- रिपोर्ट **महिलाओं के लिये अलग शौचालयों के अपर्याप्त प्रावधान, सैनिटरी नैपकिन** वेंडिंग मशीनों की कमी और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये शौचालयों की अनुपलब्धता पर प्रकाश डालती है।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**

18.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने हाल ही में वर्गीकरण तथा सक्रियण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से निष्क्रिय खातों (Inoperative Account) तथा अदावी/दावा न किये गए जमा (Unclaimed Deposits) के संबंध में दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संशोधित दिशा-निर्देश सभी **वाणिज्यिक बैंकों तथा सभी सहकारी बैंकों** पर लागू होंगे तथा **1 अप्रैल 2024** से क्रियान्वित किये जाएँगे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

19.

उत्तर: D

व्याख्या:

सिकल सेल रोग (Sickle Cell Disease-SCD):

- SCD वंशानुगत **लाल रक्त कोशिका** विकारों का एक समूह है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला प्रोटीन है, जो ऑक्सीजन का परिवहन करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- SCD में **लाल रक्त कोशिकाएँ कठोर और चिपचिपी हो जाती हैं तथा C-आकार के कृषि उपकरण की तरह दिखती हैं जिसे "सिकल" कहा जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन** के तहत **सिकल सेल रोग (SCD)** के लिये 1 करोड़ से अधिक लोगों की जाँच की गई है।
  - **वर्ष 2023** में शुरू किये गए **राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन** का लक्ष्य **वर्ष 2047** तक भारत से सिकल सेल एनीमिया को समाप्त करना है।

20.

उत्तर: A

व्याख्या:

- इस्पात **विश्व में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली सामग्रियों में से एक** है। लोहा और इस्पात उद्योग अन्य उत्पादक उद्योगों का आधार (bottom line producer) हैं।
- इस्पात उद्योग निर्माण, **बुनियादी ढाँचे, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग** और **रक्षा** जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में मुख्य भूमिका निभाता है।
- पिछले कुछ वर्षों में **इस्पात क्षेत्र में ज़बरदस्त वृद्धि देखी** गई है और भारत इस्पात उत्पादन में **एक वैश्विक ताकत व चीन के बाद विश्व में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** बनकर उभरा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के प्रमुख इस्पात उत्पादक राज्यों में **ओडिशा** अग्रणी है, **इसके बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ हैं।** इसमें कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और पश्चिम बंगाल भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

21.

उत्तर: B

व्याख्या:

बायोडायवर्सिटी क्रेडिट एलायंस:

- बायो क्रेडिट को बढ़ावा देने के लिये **CBD** के **CoP15** में **बायोडायवर्सिटी क्रेडिट एलायंस** लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2023 तक विभिन्न मंचों पर इन्हें बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। दिसंबर 2023 में **दुबई में UNFCCC के CoP28 में** उन पर चर्चा की गई।
- इसका उद्देश्य शासकीय संस्थाओं, गैर-लाभकारी संस्थाओं और निजी उद्यमों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच **समर्थन जुटाना और जागरूकता उत्पन्न करना** है। **अत: कथन 2 सही है।**

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पश्चिम बंगाल के **बुक्सा टाइगर रिज़र्व (Buxa Tiger Reserve- BTR)** में 23 वर्ष के अंतराल के बाद दो वर्षों

नोट :

में **दूसरी बार** बाघ (Tiger) की वापसी देखी गई, जिससे एक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र और बाघों की आबादी में वृद्धि होने की उम्मीद है।

- बुक्सा टाइगर रिज़र्व की उत्तरी सीमा भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगती है। अत: कथन 1 सही है।
- पूर्वी सीमा **असम** राज्य को स्पर्श करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सिंचुला पहाड़ी श्रृंखला बुक्सा राष्ट्रीय उद्यान के उत्तरी किनारे पर स्थित है। **अत: कथन 3 सही है।**

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 8 सितंबर, 2016 को लॉन्च किये गए **नासा का ऑरिजिन स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन एंड सिक्योरिटी-रेगोलिथ एक्सप्लोरर (OSIRIS-REx)** अंतरिक्ष यान ने निकट-पृथ्वी क्षुद्रग्रह बेन्नू (पूर्व में 1999 RQ36) से पहला क्षुद्रग्रह नमूना सफलतापूर्वक पृथ्वी पर पहुँचाया है। जो सात वर्ष की यात्रा में मूल्यवान 4.5 अरब वर्ष पुराने नमूने लेकर आया है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **Proba-3 ESA का और विश्व का पहला सटीक संरचित उड़ान मिशन है।** उड़ान प्रौद्योगिकियों के प्रयोगों को सिद्ध करने के लिये उपग्रहों की एक जोड़ी अंतरिक्ष में एक 'बड़ी कठोर संरचना' के रूप में एक निश्चित विन्यास बनाए रखते हुए एक साथ उड़ान भरेगी। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **जापानी एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी या JAXA,** के पास मार्टियन मून एक्सप्लोरेशन, या MMX नामक एक रोबोटिक मिशन है, जिसे सितंबर 2024 के आसपास लॉन्च करने की योजना है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - मिशन का मुख्य वैज्ञानिक उद्देश्य **मंगल के चंद्रमाओं की उत्पत्ति का निर्धारण करना है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

24.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह नैनो कण के रूप में **यूरिया का एक प्रकार** है। यह यूरिया के परंपरागत विकल्प के रूप में **पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करने वाला** एक पोषक तत्त्व (तरल) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह उर्वरक एक **पत्तेदार स्प्रे** है, जिसका अर्थ है कि इसका **उपयोग केवल फसलों पर पत्तियाँ आने** के बाद ही किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे स्वदेशी रूप से **IFFCO-नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर (कलोल, गुजरात) के आत्मनिर्भर भारत अभियान और आत्मनिर्भर कृषि** की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (Indian Space Research Organisation- **ISRO**) के वैज्ञानिक **आदित्य-L1** को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन कि.मी. दूर स्थित **लैग्रेंजियन बिंदु (L1)** के समीप की कक्षा में स्थापित करने के उद्देश्य से एक ऑपरेशन की योजना पर काम कर रहे हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- L1 बिंदु के चारों ओर हेलो कक्षा में एक उपग्रह स्थापित करने से **सूर्य का निरंतर अवलोकन** बिना किसी आच्छादन अथवा **ग्रहण के किया** जा सकता है, जिससे सौर गतिविधियों की निगरानी करने में लाभ मिलता है। **अत: कथन 2 सही है और कथन 1 की सही व्याख्या है।**

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मनोविश्लेषण **सिद्धांतों तथा चिकित्सीय तकनीकों का एक समूह** है जिसकी सहायता से मानसिक विकारों का इलाज किया जाता है।
  - इसका उद्देश्य मनोवैज्ञानिक अनुभव के अचेतन और सचेत तत्त्वों के बीच संबंधों की जांच करके मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का इलाज करना है।
  - इसकी शुरुआत 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में विनीज़ मनोचिकित्सक सिगमंड फ्रायड ने की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- मनोविश्लेषण अचेतन मन की पड़ताल करता है और पता लगाता है कि यह कैसे विचारों, व्यवहारों, भावनाओं एवं व्यक्तित्व को आकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - पूर्व में हिंसक या आवेगी व्यवहार प्रदर्शित करने वाले व्यक्तियों के लिये, मनोविश्लेषण इन प्रवृत्तियों को समझने और प्रबंधित करने में सहायता कर सकता है।

नोट :

- **गहरी भावनाओं और कठिन संघर्षों** की खोज करके, व्यक्ति अपनी भावनाओं एवं आवेगों को बेहतर ढंग से नियंत्रित करना सीख सकते हैं, जिससे दोबारा अपराध करने की संभावना कम हो जाती है।

27.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोज़गार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 (MS Act, 2013):**
  - 2013 के अधिनियम में **मैनुअल स्कैवेंजर्स** की प्रथा पर प्रतिबंध के बावजूद, यह स्पष्ट रूप से जेल प्रशासन को शामिल नहीं करता है; इस प्रकार, जेल मैनुअल जो **जेलों में जातिगत भेदभाव और मैला ढोने की अनुमति देता है**, अधिनियम का उल्लंघन नहीं हैं।**अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्य जेल मैनुअल में कहा गया है कि सफाई और झाड़ू लगाने जैसे कर्त्तव्यों को विशिष्ट जातियों के सदस्यों द्वारा किया जाना चाहिये, जिससे जाति-आधारित भेदभाव कायम रहता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - जेल मैनुअल, जैसे कि पश्चिम बंगाल में धारा 741 के तहत, सभी कैदियों के लिये भोजन पकाने और ले जाने पर "सवर्ण हिंदुओं" के एकाधिकार की रक्षा करते हैं।

28.

उत्तर: D

व्याख्या:

- WCA एक स्वैच्छिक मान्यता प्रणाली है, जिसे **रामसर कन्वेंशन** द्वारा **कॉन्ट्रैक्टिंग पार्टियों (Conference of the Contracting Parties- COP) 12, 2015** के सम्मेलन के दौरान उन शहरों को मान्यता देने के लिये स्थापित किया गया था, जिन्होंने अपने शहरी आर्द्रभूमि की सुरक्षा हेतु असाधारण कदम उठाए हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना का उद्देश्य शहरी एवं **पेरी/ परिधीय-शहरी क्षेत्र के आर्द्रभूमि संरक्षण और इसके उपयोग को बढ़ावा** देना है, साथ ही स्थानीय आबादी के लिये स्थायी सामाजिक-आर्थिक लाभ अर्जित करना भी है। **अत: कथन 2 सही है।**

29.

उत्तर: C

व्याख्या:

- रिवर्स फ्लिपिंग **किसी भारतीय कंपनी के मुख्यालय को आमतौर पर कर या नियामक कारणों से विदेश में स्थानांतरित करने** के बाद उसके अधिवास को वापस भारत में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया है। इसे **'री-डोमिसाइलिंग'** भी कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय स्टार्टअप्स के बीच रिवर्स फ्लिपिंग एक चलन बन गया है, खासकर **फिनटेक सेक्टर** में, क्योंकि वे **इनिशियल पब्लिक ऑफर (Initial Public Offer-IPO)** की योजना बनाते हैं या घरेलू बाज़ार में **दीर्घकालिक लाभ** की तलाश करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह रणनीतिक कदम **भारत की समृद्ध अर्थव्यवस्था, विशाल बाज़ार, आशाजनक उद्यम पूंजी**, अनुकूल कर संरचना, मज़बूत **बौद्धिक संपदा** संरक्षण, युवा एवं शिक्षित आबादी और सहायक सरकारी नीतियों से प्रेरित है।

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और IT मंत्रालय** ने हाल ही में शैक्षणिक संस्थानों के लिये भारत के नए एकीकृत वेब पोर्टल ERNET का अनावरण किया है, जो डोमेन पंजीकरण, डोमेन नेम सिस्टम (DNS) और मूल्य वर्द्धित सेवाएँ प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पोर्टल में एक सेवा के रूप में वेबसाइट (WaaS) और एक सेवा के रूप में लर्निंग मैनेजमेंट (LMaaS) शामिल हैं, जो **उपयोगकर्त्ताओं को विभिन्न टेम्पलेट्स का उपयोग करके अनुकूलित वेबसाइट तथा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम बनाने** की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ERNET इंडिया **MeitY के तहत एक गैर-लाभकारी वैज्ञानिक सोसायटी** है। यह सभी शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थानों के लिये विशिष्ट डोमेन रजिस्ट्रार है, जिसका डोमेन नाम 'ac.in', 'edu.in' और 'res.in' होता है।

31.

उत्तर: C

व्याख्या: चीता पुनरुत्पादन परियोजना (Cheetah Reintroduction Project):

- भारत में **चीता पुनरुत्पादन परियोजना** औपचारिक रूप से **17 सितंबर, 2022** को शुरू हुई, जिसका उद्देश्य चीतों की आबादी को बहाल करना था, जिन्हें 1952 में देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- इस परियोजना में **दक्षिण अफ्रीका** और **नामीबिया** से मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में **चीतों का स्थानांतरण** शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

32.

उत्तर: A

व्याख्या:

अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम,1956:

- अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम,1956 {Immoral Traffic (Prevention) Act (ITP), 1956} का **उद्देश्य बुराइयों के व्यावसायीकरण और महिलाओं की तस्करी को रोकना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह यौन कार्य के आसपास के कानूनी ढाँचे को चित्रित करता है। हालाँकि **यह अधिनियम स्वयं यौन कार्य को अवैध घोषित नहीं करता है, लेकिन यह वेश्यालय चलाने पर रोक लगाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **वेश्यावृत्ति में संलग्न होना कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त है,** लेकिन लोगों को लुभाना और उन्हें यौन गतिविधियों में शामिल करना अवैध माना जाता है।
- **अधिनियम की धारा 2** वेश्यालय को किसी अन्य व्यक्ति के लाभ के लिये या **दो या दो से अधिक वेश्याओं** के पारस्परिक लाभ के लिये **यौन शोषण या दुर्व्यवहार के लिये उपयोग की जाने वाली जगह के रूप में परिभाषित** करती है।

33.

उत्तर: D

व्याख्या:

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132:

- **आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132, कर अधिकारियों** को बिना किसी पूर्व न्यायिक वारंट के व्यक्तियों तथा संपत्तियों की खोज/तलाशी एवं ज़ब्ती करने का अधिकार देती है यदि उनके पास "संदेह करने का कारण" है कि व्यक्ति ने आय छुपाई है अथवा चोरी की है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **अधिकारियों को वित्तीय संपत्ति छिपाने के संदेह** के आधार पर भवन, स्थानों, वाहनों अथवा विमानों की तलाशी लेने की शक्ति प्रदान करता है।
- ***पूरन मल बनाम निरीक्षण निदेशक (1973):***
  - **धारा 132 की** सांविधानिकता **को पूरन मल बनाम निरीक्षण निदेशक (1973) मामले में चुनौती दी गई थी। अत: कथन 2 सही है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने ***एम.पी. शर्मा बनाम सतीश चंद्रा (1954)*** में अपने निर्णय का हवाला देते हुए **कानून को बरकरार रखा** और तर्क दिया कि **खोज व ज़ब्ती की शक्ति सामाजिक सुरक्षा के बचाव के लिये आवश्यक** है एवं विधि द्वारा विनियमित है।

34.

उत्तर: B

व्याख्या:

गुरुत्वीय तरंगें:

- **परिचय:** ये तरंगें बड़े पैमाने पर खगोलीय पिंडों, जैसे कि ब्लैक होल या न्यूट्रॉन स्टार्स के संचलन से उत्पन्न होती हैं और अंतरिक्ष-समय (space time) के माध्यम से बाहर की ओर फैलती हैं।। उदाहरण के लिये जब एक तालाब में कंकड़ गिराया जाता है, तो परिणामी लहरें गुरुत्वीय तरंगों के समान होती हैं, लेकिन जल के बदले **वे ब्रह्मांड की मूलभूत संरचना के माध्यम से प्रसारित होती हैं। अत: कथन 1 सही है।**
- 1916 में अल्बर्ट आइंस्टीन ने सामान्य सापेक्षता के अपने सिद्धांत के अंदर गुरुत्वीय तरंगों की उपस्थिति की भविष्यवाणी की थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- गुरुत्वीय तरंग अनुसंधान, जैसा कि **लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव ऑब्ज़र्वेटरी (LIGO)** का उपयोग कर **पहली बार पता लगाने के लिये दिये गए 2017 के नोबेल पुरस्कार से प्रमाणित है, वैज्ञानिक सफलताओं के लिये अपार संभावनाएँ** रखता है।
  - हाल ही में **भारत ने महाराष्ट्र के हिंगोली ज़िले** में LIGO के तीसरे नोड के निर्माण को हरी झंडी दी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

35.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय खिलौना उद्योग ने **वित्त वर्ष 2014-15** तथा वित्त वर्ष 2022-23 के बीच **उल्लेखनीय वृद्धि** प्रदर्शित की जिसमें आयात में 52% की गिरावट एवं **निर्यात में 239% की उल्लेखनीय वृद्धि** दर्ज की गई। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **खिलौनों पर मूल सीमा शुल्क (Basic Customs Duty- BCD) में पर्याप्त वृद्धि** (फरवरी 2020 में 20% से 60% और उसके बाद मार्च 2023 में 70% तक) का उद्देश्य घरेलू **खिलौना उद्योग को सस्ते आयात से बचाना** तथा **स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहित करना** है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** के अधीन **विदेश व्यापार महानिदेशालय (Directorate General of Foreign Trade- DGFT)** ने निम्न स्तरीय खिलौनों के आयात को रोकने तथा बेहतर गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिये **प्रत्येक आयात खेप/प्रेषण के लिये नमूना परीक्षण अनिवार्य** किया है।। **अत: कथन 3 सही है।**

36.

उत्तर: B

व्याख्या:

पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी) योजना:

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4,797 करोड़ रुपये की कुल लागत पर **वर्ष 2021-26** की अवधि के दौरान कार्यान्वयन के लिए **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की व्यापक योजना **"पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)"** को मंज़ूरी दे दी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसमें वर्तमान में चल रही **पाँच उप-योजनाएँ** शामिल हैं जो निम्नलिखित हैं:
    - अक्रॉस: वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-प्रारूप निरीक्षण प्रणाली तथा सेवाएँ।
    - ओ-स्मार्ट: महासागर सेवाएँ, प्रारूप अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी।
    - पेसर: ध्रुवीय विज्ञान तथा क्रायोस्फीयर अनुसंधान।
    - SAGE: भूकंप विज्ञान और भू-विज्ञान।
    - रीचआउट: अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच।
- PRITHVI योजना व्यापक रूप से भू-विज्ञान के पाँच घटकों: **वायुमंडल, जलमंडल, भूमंडल, हिममंडल और जीवमंडल** की देखरेख करती है। इस समग्र दृष्टिकोण का **उद्देश्य समझ को बढ़ाना और देश के लिये विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान** करना है।
  - पृथ्वी की व्यापक योजना पृथ्वी प्रणाली विज्ञान की समझ में सुधार लाने और देश के लिये विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने हेतु पृथ्वी प्रणाली के सभी पाँच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करेगी। **अत: कथन 2 सही है।**

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL):

- यह, **6 मार्च 2019** को **कंपनी अधिनियम, 2013** (under the Companies Act, 2013) के तहत निगमित, **अंतरिक्ष विभाग (Department of Space-DOS) के प्रशासनिक नियंत्रण** के तहत **भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी भारतीय उद्योगों को **उच्च प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों को करने** में सक्षम बनाना है और यह भारतीय अंतरिक्ष से संबंधित **अनुसंधान कार्यक्रमों तथा सेवाओं के प्रचार एवं वाणिज्यिक दोहन के लिये भी ज़िम्मेदार** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** की **वाणिज्यिक शाखा, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL),वर्ष 2024** में स्पेस-एक्स के फाल्कन-9 के माध्यम से GSAT-20 (GSAT-N2) लॉन्च करने के लिये तैयार है।**अत: कथन 3 सही है।**
  - **फाल्कन-9** दुनिया का **पहला कक्षीय श्रेणी का पुन: प्रयोज्य, दो चरण वाला रॉकेट** है जिसे पृथ्वी की कक्षा तथा उससे आगे लोगों एवं पेलोड के विश्वसनीय और सुरक्षित परिवहन के लिये स्पेसएक्स द्वारा डिज़ाइन एवं निर्मित किया गया है।

38.

उत्तर: B

व्याख्या:

- बाल विवाह पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से **पश्चिम बंगाल में कई नीतिगत हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन के बावजूद, इस क्षेत्र में बाल विवाह की घटनाओं में 32.3% की पर्याप्त वृद्धि देखी** गई है। यह वृद्धि 5,00,000 से अधिक अतिरिक्त लड़कियों की बचपन में ही शादी के अनुरूप है।
  - राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 इंगित करता है कि **18 वर्ष से पहले शादी करने वाली 20-24 वर्ष की महिलाओं की व्यापकता पश्चिम बंगाल में 41.6% के उच्च स्तर पर** बनी हुई है, जबकि राष्ट्रीय आँकड़ा 23.3% है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **कन्याश्री प्रकल्प योजना:**
  - वर्ष 2013 में लॉन्च किया गया, कन्याश्री प्रकल्प **13 से 18 वर्ष की किशोर लड़कियों की स्कूली शिक्षा को प्रोत्साहित** करता है और साथ ही बाल विवाह को हतोत्साहित

नोट :

करता है। वर्ष 2023-24 के पश्चिम बंगाल बजट के अनुसार, इस योजना में **81 लाख लड़कियों को शामिल** किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

- **रूपश्री प्रकल्प:**
  - कन्याश्री के अलावा, राज्य सरकार रूपश्री प्रकल्प चलाती है, जो **लड़कियों की शादी के लिये नकद प्रोत्साहन प्रदान** करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

39.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ओटीटी प्लेटफॉर्मों को विनियमित करने के लिये, **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and Information Technology-MeitY)** द्वारा वर्ष 2022 में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 जारी किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ओटीटी प्लेटफार्मों के लिये दिशा-निर्देश एक सॉफ्ट-टच स्व-नियामक वास्तुकला स्थापित करते हैं, जिसमें आचार संहिता और तीन स्तरीय शिकायत निवारण प्रक्रिया शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की भागीदारी के बिना सामग्री के स्व-वर्गीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं।

अत: कथन 3 सही है।

40.

उत्तर: B

व्याख्या:

सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (SCLSC):

- SCLSC का गठन शीर्ष न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले मामलों में "समाज के कमज़ोर वर्गों को नि:शुल्क और सक्षम कानूनी सेवाएँ" प्रदान करने के लिये **विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 3A** के तहत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - अधिनियम की धारा 3A में कहा गया है कि **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (National Legal Services Authority - NALSA)** समिति का गठन करेगी।
- SCLSC में **एक अध्यक्ष और CJI द्वारा नामित नौ सदस्य** होते हैं। समिति, बदले में, **CJI** के परामर्श से केंद्र द्वारा निर्धारित अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके अलावा, **CJI** समिति के सचिव की नियुक्ति कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

41.

उत्तर: B

व्याख्या:

भारत-म्याँमार संबंध:

- म्याँमार एकमात्र **दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है** जो पूर्वोत्तर भारत के साथ भूमि सीमा साझा करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारत के SAGAR विज़न** के हिस्से के रूप में भारत ने **म्याँमार के राखीन राज्य में सित्तवे बंदरगाह** विकसित किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस बंदरगाह का विकास **चीनी सीमा वाले क्याउकप्यू बंदरगाह (Kyaukpyu port)** को लेकर भारत की एक ठोस प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा सकता है, जिससे **रखाइन** में चीन के भू-रणनीतिक पदचिह्न को मज़बूती मिलेगी।
- 2018 में लागू की गई **मुक्त संचरण व्यवस्था (Free Movement Regime- FMR)**, भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीज़ा एक-दूसरे के क्षेत्र में **16 किमी.** तक जाने की अनुमति देती है। **अत: कथन 3 सही है।**

42.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **अरुणाचल प्रदेश- आदि केकिर:** अदरक की किस्म। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **पश्चिम बंगाल-तांगेल साड़ी:** विशिष्ट बुनाई पैटर्न से युक्त बंगाल की साड़ी शैली। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **गुजरात- कच्ची खारेक:** खलल (अंकुरित अवस्था) में चुने गए खजूर के उत्पाद जो विशिष्ट रंग वाले, कुरकुरे तथा मीठे होते हैं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

43.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **रोगाणुरोधी प्रतिरोध** विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी **"सुपरबग"** कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने **AMR** को वैश्विक स्वास्थ्य के लिये **शीर्ष दस खतरों** में से एक के रूप में पहचाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में साक्ष्य एकत्र करने और **दवा प्रतिरोधी संक्रमण** प्रवृत्तियों की निगरानी के लिये **रोगाणुरोधी प्रतिरोध निगरानी एवं अनुसंधान नेटवर्क (Antimicrobial Resistance Surveillance and Research Network)** लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **अस्थायी विनिमय दर:**
  - **बाज़ार-संचालित:** मुद्रा का मूल्य न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप के साथ विदेशी मुद्रा बाज़ार में पूरी तरह से आपूर्ति और मांग से निर्धारित होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **उच्च अस्थिरता:** आर्थिक समाचारों, घटनाओं या बाज़ार की धारणा के जवाब में विनिमय दर में काफी उतार-चढ़ाव हो सकता है।
  - **लचीलेपन को बढ़ावा देता है:** व्यवसाय और व्यक्ति बाज़ार-निर्धारित विनिमय दरों के माध्यम से बदलती आर्थिक स्थितियों को समायोजित कर सकते हैं।
- **स्थिर व्यवस्था:**
  - **पूरी तरह से फ्लोटिंग की तुलना में अधिक प्रबंधित:** सरकार या केंद्रीय बैंक अत्यधिक अस्थिरता को कम करने या मुद्रा के लिये लक्ष्य सीमा बनाए रखने हेतु कभी-कभी विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप कर सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **मध्यम अस्थिरता:** शुद्ध फ्लोट की तुलना में अधिक स्थिरता का लक्ष्य, लेकिन फिर भी कुछ हद तक उतार-चढ़ाव स्वीकार करना।
  - **पूर्वानुमान की पेशकश:** व्यवसाय और व्यक्ति अधिक स्थिर विनिमय दर वातावरण के साथ योजना बना सकते हैं।
- **स्थिर व्यवस्था का IMF का वर्गीकरण:**
  - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) **विनिमय दर व्यवस्था को एक स्थिर व्यवस्था के रूप में वर्गीकृत करता है, जब यह निर्धारित होता है** कि **विनिमय दर 6 महीनों में 2% बैंड से आगे नहीं बढ़ी है** और यह स्थिरता बाज़ार की स्थितियों के बदले बाज़ार के हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप हुई है। **अत: कथन 3 सही है।**

45.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation- DRDO):**
  - DRDO, भारत सरकार के **रक्षा मंत्रालय की R&D विंग** है, जिसका लक्ष्य **अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के साथ भारत को सशक्त बनाना** और महत्त्वपूर्ण **रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल** करना है।
    - **मूल सिद्धांत:** "बलस्य मूलं विज्ञानं" (विज्ञान शक्ति का स्रोत है।)
  - **महत्त्वपूर्ण योगदान:** इसने **अग्नि** और **पृथ्वी** शृंखला की मिसाइलें, **तेजस** (हल्के लड़ाकू विमान), **पिनाक** (मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर), **आकाश** (वायु रक्षा प्रणाली), रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली जैसे रणनीतिक सिस्टम और प्लेटफॉर्म विकसित किये हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **ईरान** को विश्व में उच्च गुणवत्ता वाले केसर का **सबसे बड़ा उत्पादक देश** माना जाता है। विश्व में उत्पादित केसर के 95% उत्पादन के लिये यह देश उत्तरदायी है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
  - देश की विविध जलवायु और उपजाऊ मिट्टी, केसर की खेती शुरू करने के लिये उपयुक्त है। ईरान में केसर का प्राथमिक उत्पादक खुरासान प्रांत है, जो ईरान में केसर का सबसे अधिक उत्पादन करता है।
- केसर का उत्पादन लंबे समय से केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के एक सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक ही सीमित है।

नोट :

- भारत में **पंपोर क्षेत्र** जिसे आमतौर पर **कश्मीर के केसर के कटोरे** के रूप में जाना जाता है, केसर उत्पादन में मुख्य योगदानकर्त्ता है। **अत: कथन-II सही है।**

अत: विकल्प D सही है।

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल (Polymer Electrolyte Membrane Fuel Cell- PEMFC):

- PEMFC **ईंधन को प्रत्यक्ष रूप से विद्युत में परिवर्तित** करता है जिसके परिणामस्वरूप यह बैटरी की तुलना में अधिक कार्यकुशल होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PEMFC द्वारा **उत्पादित जल का उपयोग जहाज़** पर खपत अथवा अतिरिक्त **ऑक्सीजन उत्पन्न** करने के लिये **इलेक्ट्रोलिसिस हेतु** किया जा सकता है।
- **अत: कथन 2 सही है।**

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति:

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 25-28 मौलिक अधिकार के रूप में धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी** देते हैं। संविधान के अनुसार भारत एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य है तथा किसी भी धर्म को देश का आधिकारिक धर्म घोषित नहीं किया गया है।
  - **अनुच्छेद 25 (अंत:करण की स्वतंत्रता तथा धर्म का स्वतंत्र आचरण, अभ्यास एवं प्रचार)। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
  - **अनुच्छेद 26 (धार्मिक कार्यों के प्रबंधन की स्वतंत्रता)। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
  - **अनुच्छेद 27 (किसी धर्म विशेष के प्रचार के लिये करों के भुगतान की स्वतंत्रता)।**
  - **अनुच्छेद 28 (कुछ शिक्षा संस्थानों में धार्मिक शिक्षा अथवा धार्मिक पूजा में उपस्थिति के संबंध में स्वतंत्रता)। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- इसके अतिरिक्त **संविधान के अनुच्छेद 29 तथा 30** अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा से संबंधित हैं।

49.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य अमेरिका के नवीनतम अध्ययन में **बोतलबंद** पानी के बारे में एक चिंताजनक वास्तविकता का पता चला है, जिसमें संभावित **स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों** को रेखांकित करने वाले सैकड़ों हज़ारों **नैनोप्लास्टिक कणों (nanoplastic particles)** की उपस्थिति को उजागर किया गया है।
- एक लीटर बोतलबंद पानी में **110,000 से 370,000 नैनोप्लास्टिक कण** होते हैं। इनमें से लगभग **90% कण नैनो आकार के होते हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिये अधिक खतरा उत्पन्न** करते हैं।
- नैनोप्लास्टिक्स **माइक्रोप्लास्टिक्स** से भी छोटे होते हैं, जिनका आकार 1 माइक्रोमीटर से भी कम होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- माइक्रोप्लास्टिक्स (5 मिलीमीटर और 1 माइक्रोमीटर के बीच) के विपरीत नैनोप्लास्टिक्स हृदय एवं मस्तिष्क तक पहुँचने से पहले आँतों तथा फेफड़ों से **सीधे रक्तप्रवाह में** प्रवेश कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यक्षगान **कर्नाटक का एक अनोखा** नृत्य-नाट्य **प्रदर्शन** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें परंपरागत रूप से पुरुषों को सभी भूमिकाएँ निभाते हुए दिखाया गया है। **लेकिन महिलाएँ अब इन मंडलियों का हिस्सा हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मुख्य तत्त्वों में **रामायण या महाभारत** जैसे हिंदू महाकाव्यों की प्रासंगिक कहानियाँ शामिल हैं।
  - **चंदे, हारमोनियम, मैडेल, ताल** और बाँसुरी जैसे संगीत वाद्ययंत्र इन प्रदर्शनों के साथ होते हैं।
- **सालिग्राम मेला, धर्मस्थल मेला और मंदारथी मेला** जैसे विभिन्न प्रसिद्ध मंडल पूरे वर्ष यक्षगान का प्रदर्शन करते हैं।

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

वस्तु एवं सेवा कर (GST):

- यह एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है जिसे **1 जुलाई, 2017 को 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016** के माध्यम से

नोट :

'**एक राष्ट्र एक कर**' के नारे के साथ भारत में लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- GST परिषद एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में **GST के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार** है।
  - संशोधित संविधान के अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार, **GST परिषद का गठन राष्ट्रपति द्वारा** किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

52.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह एक प्रकार का भू-भाग है जो **बर्फ से समृद्ध पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से बनने वाली दलदली खोखली और छोटी-छोटी चट्टानों (कटक) की अनियमित सतहों** का रूप है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सक्रिय रॉक ग्लेशियरों से तालाबों अथवा झीलों जैसी थर्मोकार्स्ट संरचनाओं का निर्माण हो सकता है जो **संबद्ध क्षेत्र के जल-विज्ञान (Hydrology), पारिस्थितिकी तथा कार्बन चक्र** को प्रभावित कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- **बटागाइका क्रेटर थर्मोकार्स्ट का एक उदाहरण है**, यह **विश्व का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर** है **जो सखा गणराज्य, रूस में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।**

53.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ष 2024 के लिये विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट नामक संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट में वर्ष 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति में गिरावट का अनुमान लगाया गया है, लेकिन विशेष रूप से विकासशील देशों में खाद्य मुद्रास्फीति में एक साथ वृद्धि की चेतावनी दी गई है।
- **वैश्विक जीडीपी वृद्धि:** रिपोर्ट में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (global gross domestic product- GDP) की वृद्धि में गिरावट का अनुमान लगाया गया है, जो वर्ष 2023 में अनुमानित 2.7% से घटकर वर्ष 2024 में 2.4% हो जाएगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **मुद्रास्फीति:** वैश्विक हेडलाइन मुद्रास्फीति वर्ष 2022 में 8.1% से गिरकर 2023 में अनुमानित 5.7% हो गई और वर्ष 2024 में घटकर 3.9% होने का अनुमान है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **जलवायु परिवर्तन:** IPCC का अनुमान है कि अकेले तापमान के प्रभाव के कारण वर्ष 2100 तक वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 10 से 23% की हानि होगी। **अत: कथन 3 सही है।**

54.

उत्तर: B

व्याख्या:

कश्मीर हिमालय की झेलम बेसिन:

- झेलम द्रोणी/बेसिन का अपवाह ऊपरी झेलम नदी से होता है जिसका उद्गम **कश्मीर घाटी में पीर पंजाल** श्रृंखला के तल पर स्थित **अनंतनाग के वेरिनाग में एक झरने** से होता है, यह नदी पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले **श्रीनगर एवं वुलर झील** से होकर गुज़रती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **सिंधु नदी की** एक **सहायक नदी** के रूप में झेलम नदी भारतीय उपमहाद्वीप में बड़ी नदी प्रणाली में योगदान देती है।
  - यह नदी जम्मू-कश्मीर से होकर पाकिस्तान में प्रवाहित होती है जहाँ यह चिनाब नदी में मिल जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **इसकी प्राथमिक सहायक नदी किशनगंगा (नीलम) नदी है।** कुन्हार नदी इसकी एक अन्य महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है जो कंघान घाटी में कोहाला पुल के माध्यम से पाक अधिकृत कश्मीर एवं पाकिस्तान को जोड़ती है। **अत: कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: C

व्याख्या:

दार्जिलिंग ज़ूलोजिकल पार्क के बारे में:

- पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (PNHZP), पश्चिम बंगाल जिसे आमतौर पर दार्जिलिंग चिड़ियाघर के रूप में भी जाना जाता है, ने हिम तेंदुओं के लिये अपने सफल संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम (Conservation Breeding Programme- CBC) हेतु वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर ज़ू एंड एक्वेरियम (WAZA) से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता हासिल की है।
- भारत में दार्जिलिंग चिड़ियाघर में हिम तेंदुओं के संरक्षण हेतु एकमात्र प्रजनन कार्यक्रम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- दार्जिलिंग चिड़ियाघर भारत का सबसे ऊँचाई पर स्थित सबसे बड़ा चिड़ियाघर है।
- **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

56.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में, **विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2024** जारी की, जिसमें तीव्र रूप से तकनीकी परिवर्तन, आर्थिक अनिश्चितता, ग्रह के तापमान में वृद्धि और संघर्ष की पृष्ठभूमि में अगले दशक में हमारे सामने आने वाले कुछ सबसे गंभीर जोखिमों को प्रदर्शित किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

57.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार, **यूकेलिप्टस स्नाउट बीटल** (गोनिप्टेरस प्लैटेंसिस) पत्ती खाने वाला बीटल है जो यूकेलिप्टस की एक प्रमुख निष्पत्रक प्रजाति (पेड़ को पत्तों से हीन करने वलि प्रजाति) है।
  - यह कीट मूलत: **ऑस्ट्रेलिया** से संबंध रखता है लेकिन विश्व भर के कई देशों में पाया जाता है जहाँ यूकेलिप्टस उगाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह व्यापक क्षेत्रों तक नुकसान पहुँचा सकता है क्योंकि इसकी उड़ान क्षमता बहुत अच्छी होती है और यह वन उत्पादों के परिवहन के साथ स्थानांतरित भी हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह बीटल/भृंग पत्तियों, कलियों और टहनियों को खाता है, जिसके परिणामस्वरूप पेड़ का विकास रुक जाता है और वृक्ष-अपस्फीति होती है जिससे भारी नुकसान होता है।

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **रक्षा मंत्रालय (Ministry of Defence - MoD)** परेड के संचालन और राज्यों तथा अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय व्यवस्था के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- रक्षा मंत्रालय ने उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिये एक प्रावधान शामिल किया है जिन्हें गणतंत्र दिवस परेड हेतु भारत पर्व पर अपनी झाँकी दिखाने के लिये नहीं चुना गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारत सरकार गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में 26-31 जनवरी तक छह दिवसीय मेगा कार्यक्रम "भारत पर्व" का आयोजन करती है। यह वैकल्पिक कार्यक्रम ऐतिहासिक लाल किले पर होता है।
- सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिये एक **चक्रीय कार्यक्रम (rotational plan) को अंतिम रूप दिया है** कि प्रत्येक **राज्य और केंद्र शासित प्रदेश** को **तीन साल के चक्र (2024-2026) के अंदर** गणतंत्र दिवस परेड में अपनी झाँकी प्रस्तुत करने का अवसर मिले। **अत: कथन 3 सही है।**
  - 28 राज्यों द्वारा सहमत चक्रीय पद्धति का उद्देश्य सभी क्षेत्रों को समान अवसर प्रदान करना, राजनीतिक पूर्वाग्रह के आरोपों को कम करना और अधिक समावेशी उत्सव को प्रोत्साहित करना है।

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दो प्रमुख कार्यक्रमों प्रोजेक्ट टाइगर (PT) और प्रोजेक्ट एलीफेंट को प्रोजेक्ट टाइगर एंड एलीफेंट (PTE) के रूप में विलय करने की घोषणा की। **अत: कथन 1 सही है।**
- वन्यजीव संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 ने विकास परियोजनाओं के लिये "बाघ के जंगल"("Tiger's forest") के डायवर्जन पर रोक नहीं लगाई और यदि वन्यजीवों से मानव जीवन को खतरा होता है तो उन्हें अंतिम उपाय के रूप में मारने की अनुमति दी जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रोजेक्ट टाइगर भारत में एक वन्यजीव संरक्षण पहल है,जिसे वर्ष 1973 में शुरू किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
  - प्रोजेक्ट टाइगर का प्राथमिक उद्देश्य समर्पित टाइगर रिज़र्व बनाकर बाघों की आबादी के प्राकृतिक आवासों में अस्तित्व और रखरखाव सुनिश्चित करना है।

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने **प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY)** पर प्रकाश डाला, जो तीन **केंद्र प्रायोजित योजनाओं** को सम्मिलित कर एक व्यापक योजना है।

नोट :

- इन योजनाओं में शामिल हैं:
  - **प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY),**
  - अनुसूचित जाति उपयोजना (Special Central Assistance- SCA to Scheduled Castes Sub Plan- SCSP) के लिये विशेष केंद्रीय सहायता और
  - बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (BJRCY).
    - **{प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) को इस योजना के तहत विलय नहीं किया गया है}। अत: कथन 1 और कथन 3 सही हैं।**
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य कौशल विकास, आय-सृजन योजनाओं और विभिन्न पहलों के माध्यम से रोज़गार के अवसरों का सृजन करके **अनुसूचित जाति (SC) समुदायों का उत्थान** करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

61.

उत्तर: A

व्याख्या:

विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट:

- हाल ही में **विश्व बैंक (WB)** ने अपनी **विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट** जारी की, जिससे पता चलता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 के अंत तक खराब प्रदर्शन कर सकती है, जो 30 वर्षों में GDP (सकल घरेलू उत्पाद) की आधे दशक की सर्वाधिक धीमी वृद्धि है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

62.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत-मालदीव संबंध:

- **8 डिग्री चैनल** भारतीय **मिनिकॉय** (लक्षद्वीप द्वीप समूह का हिस्सा) **को मालदीव से अलग** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रक्षा सहयोग संयुक्त अभ्यासों- **"एकुवेरिन", "दोस्ती", "एकथा" एवं "ऑपरेशन शील्ड" (2021 में शुरू) है। अत: कथन 2 सही है।**
- भारत मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF) के लिये सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जो उनकी रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का लगभग 70% पूरा करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

63.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **मसूर,** छोटे कद एवं स्व-परागण के फूलों वाला **झाड़ीदार बारहमासी पौधा** हैं। जिसमें चपटे आकार के बीज वाली फलियाँ होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मसूर, **एक वर्षा आधारित फसल** है, जो वानस्पतिक विकास के दौरान ठंडे तापमान के साथ परिपक्वता के समय गर्म तापमान में पनपती है, आमतौर पर इसकी खेती रबी मौसम में की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी खेती मुख्यत: **उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ तथा झारखंड** में की जाती है।
  - **उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र दाल का कटोरा** माना जाता है, जो देश के कुल दाल उत्पादन में लगभग 25% का योगदान देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

64.

उत्तर: A

व्याख्या:

अंग प्रत्यारोपण में सुधार

- हाल ही में **दिल्ली उच्च न्यायालय** ने **जीवित दाताओं से जुड़े अंग प्रत्यारोपण प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिये 6 से 8 सप्ताह की समय सीमा का प्रस्ताव** दिया है।
  - उच्च न्यायालय ने सरकार को **मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम {The Transplantation of Human Organs and Tissues (THOT) Act },1994** तथा **मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण नियम (THOT नियम), 2014** के अनुसार अंग दान आवेदनों के सभी चरणों के लिये विशिष्ट समय-सीमा स्थापित करने का निर्देश दिया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - यह कानून भारत में मानव अंगों और ऊतकों के प्रत्यारोपण को नियंत्रित करता है, **जिसमें मृत्यु के बाद अंगों का दान भी शामिल** है।
    - यह स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और अस्पतालों को नियंत्रित करने वाले नियम बनाता है तथा उल्लंघन के लिये दंड निर्धारित करता है।
- **अंग दाता और प्राप्तकर्त्ता:**
  - प्रत्यारोपण **या तो मृत व्यक्तियों के अंगों से हो सकता है जो उनके रिश्तेदारों द्वारा दान किया गया हो या किसी**

नोट :

जीवित व्यक्ति से हो सकता है जो प्राप्तकर्त्ता को पता हो। **अत: कथन 1 सही है।**

- अधिकतर मामलों में, अधिनियम माता-पिता, भाई-बहन, बच्चों, पति-पत्नी, दादा-दादी और पोते-पोतियों जैसे **करीबी रिश्तेदारों से जीवनयापन के लिये दान की अनुमति देता** है।

65.

उत्तर: A

व्याख्या:

IISc द्वारा विकसित ताप-सहिष्णु कोविड-19 वैक्सीन

- **भारतीय विज्ञान संस्थान (Indian Institute of Science- IISc)** के शोधकर्त्ताओं द्वारा विकसित एक ताप-सहिष्णु (Heat-Tolerant) वैक्सीन/टीके में **SARS-CoV-2 के** वर्तमान के सभी **मौजूदा प्रभेदों (Strains)** के विरुद्ध प्रभावी होने के अतिरिक्त भविष्य के वेरिएंट के लिये भी शीघ्र अनुकूलित होने की क्षमता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- IISc के अनुसार वर्तमान टीके अधिकांश SARS-CoV-2 प्रभेदों के विरुद्ध प्रभावी साबित हुए हैं किंतु **वायरस/विषाणु द्वारा तेज़ी से उत्परिवर्तन (Mutation) के कारण टीकों की प्रभावकारिता कम हुई** है।
- **प्रतिजन चयन:** विषाणु में पाए जाने वाले विभिन्न प्रोटीनों का विश्लेषण करने के बाद शोधकर्त्ताओं ने अपने संभावित टीके को विकसित करने के लिये SARS-CoV-2 के स्पाइक प्रोटीन के दो भागों, **S2 सबयूनिट** और **रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन (RBD)** का चयन किया।
- **रिसेप्टर-बाइंडिंग डोमेन** अपने **'स्पाइक'** डोमेन पर स्थित वायरस का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है जो इसे कोशिकाओं में प्रवेश करने तथा संक्रमण फैलाने के लिये शारीरिक रिसेप्टर्स से जुड़ने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **SARS-CoV-2 का स्पाइक (S) प्रोटीन** जो रिसेप्टर पहचानने तथा कोशिका झिल्ली संगलन प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, दो सबयूनिट, **S1 और S2** से बना है।

The Vision